कार्यालय, आयुक्त, उच्च शिक्षा
ब्लॉक-सी-30 द्वितीय एवं तृतीय तल इन्द्रवती भवन,
नया,रायपुर(छ.ग.)

क्रमांक/ 119/178/आउशि/समन्वय/2014 रायपुर,दिनांक 24/3/15

प्रति,

1. कुल सचिव
समस्त विश्वविद्यालय
(छ.ग.)।

2. प्राचार्य
समस्त अग्रणी
शासकीय महाविद्यालय
.... (छ.ग.)।

विषय :— टेबलेट वितरण के संबंध में आवश्यक निर्देश।

———0———

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि छ.ग. शासन द्वारा छ.ग.युवा सूचना क्रांति योजनान्तर्गत प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2014–15 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष अध्ययनरत नियमित छात्र/छात्राओं को कम्प्यूटर टेबलेट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

समस्त कुल सचिवों एवं अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2014–15 में स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष में अध्ययनरत उन्हीं छात्र/छात्राओं को कम्प्यूटर टेबलेट का निःशुल्क वितरण किया जाये जिन्हें शैक्षणिक सत्र 2012–13 में कम्प्यूटर टेबलेट प्राप्त नही हुआ है। कृपया टेबलेट वितरण के पूर्व यह अनिवार्य रुप से सुनिश्चित कर ले कि किसी भी छात्र/छात्राओं को पूरे अध्ययन अवधि में दुबारा कम्प्यूटर टेबलेट का वितरण न हो पाये।

कृपया अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य अपने जिले के अधीनस्थ समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करें।

टेबलेट वितरण के पश्चात् अपने जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों से छात्रों का हस्ताक्षरयुक्त पावती एवं महाविद्यालयवार प्राप्त, वितरित एवं वापस किये गये टेबलेट की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को अनिवार्य रुप से भेजना सुनिश्चित करें।

(डॉ. किरण गजपाल)
संयुक्त संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर (छ.ग.)

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

अकादमिक विभाग

पृ. क्रमांक : 3184/अका./2015 रायपुर, दिनांक : 27.03.2015

प्रतिलिपि :

1. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/विभागाध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला,
2. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ अग्रेषित।

उप कुलसचिव (अका.)